Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 14-12-2006

Participants : Chauhan Shri Nihal Chand

>

Title : Need to provide compensation to the farmers of Rajasthan whose land has been acquired by Army on Indo-Pak border - laid.

श्री निहाल चन्द (श्रीगंगानगर) : महोदय, भारत-पाक सीमा पर केन्द्र सरकार ने कंटीली तार लगाई, उसमें किसानों की एक से दो एकड़ भूमि तार बंदी में आ गयी। सीमा पर सुरक्षा के जवान किसानों को खेती करने से रोक लेते हैं। किसान खेती कर नहीं सकता, सिंचाई कर नहीं सकता, फसल बो नहीं सकता। सीमा क्षेत्र का किसान परेशान है, पूरा किसान बरबाद हो गया क्योंकि किसान खेती नहीं कर सकता। मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह है कि केन्द्र सरकार ने पंजाब, गुजरात में जिस तरीके से किसानों को मुआवजा दिया है, उसी प्रकार राजस्थान के सीमावर्ती किसानों को भी मुआवजा दिया जावे ताकि किसान परेशान न हों।